सार-समाचार

विश्व हिंदी दिवस पर परिचर्चा

कोटा, (निसं)। राजकीय कला महाविद्यालय कोटा में हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर एक परिचर्चा रखी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रोशन भारती ने हिंदी को एक वैश्विक भाषा बताते हुए इसके अंतराष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी को भारतीय आवाम की भाषा बताते हुए कहा कि हिंदी को सर्वाधिक वैज्ञानिक, व्यवस्थित एवं उत्कृष्ट भाषा बताया। इस अवसर पर हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विवेक शंकर ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस के पीछे हिंदी का प्रचार-प्रसार, हिंदी को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास एवं इसे अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में विकसित करने की दृष्टि हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस, मातृभाषा दिवस के साथ-साथ राष्ट्र भाषा राज भाषा और प्रयोजन मूलक हिंदी भाषा पर प्रकाश डाला। हिंदी विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर विवेक कुमार मिश्र ने विश्व हिंदी दिवस मनाने की परंपरा का उल्लेख करते हुए हिंदी की बहुआयामी स्वरूप एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी को भारतीय अस्मिता की भाषा बताते हुए हिंदी को भारतीय जनमानस की धड़कन कहा इस अवसर पर एम.ए. हिंदी की छात्रा अदा खान ने हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु इसके अधिकारिक प्रयोग पर बल दिया।

रजत जयंती समारोह आज

कोटा, (निसं)। जादौन राजपूत विकास समिति कोटा संभाग का रजत जयंती परिवार स्नेह मिलन समारोह 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे विश्व भारती स्कूल वसुंधरा विहार बजरंग नगर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जादौन राजपूत विकास समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कल्पना देवी विधायक लाडपुरा एवं संदीप शर्मा विधायक कोटा दक्षिण होंगे।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय करवाएगा कर्तव्य का बोध

बूंदी । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रेरणा से स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी तक कर्तव्य बोध पखवाडे का आयोजन जिले की प्रत्येक उपशाखा में किया जाएगा।संगठन के जिलाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संगठन के द्वारा अपने कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं समाज में कर्तव्य का भाव विकसित करने के लिए कर्तव्य बोध पखवाड़ा मनाया जाता है। जब कोई राष्ट्र केवल अधिकारों की भाषा बोलने लगे और कर्तव्यों को विस्मृत कर दे, तब उसका भविष्य शोर तो करता है, पर दिशा खो देता है। ऐसे समय में कर्तव्य बोध केवल एक शब्द नहीं, बल्कि राष्ट्र को पुनः संतुलन देने वाली जीवन-दृष्टि बन जाता है। जिलामंत्री अंकित गौतम ने बताया कि प्रत्येक उपशाखा में कर्तव्यबोध पखवाड़ा सुव्यस्थित रूप से संगठन की पद्धित के अनुसार मनाए जाए इसके लिए प्रत्येक उपशाखा के लिए जिला कार्यकारिणी से एक प्रभारी लगाया है। ये रहेंगे प्रभारी कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन हेतु बूंदी नगर उपशाखा में पर्यवेक्षक के तौर पर अनीश गुर्जर बूंदी ठामीण उपशाखा में अंबालाल गुर्जर तालेड़ा उपशाखा में रामराज मीणा के.पाटन उपशाखा में हरीश कुमार चतुर्वेदी कापरेन उपशाखा में राधेश्याम मीणा लाखेरी उपशाखा में निरंजन सिंह इंदरगढ़ उपशाखा में सुगनचंद मीणा नैनवा उपशाखा में अंकित गौतम देई उपशाखा में राकेश कुमार शर्मा और हिंडौली उपशाखा में बुद्धिप्रकाश शर्मा को नियुक्त किया गया।

छात्राओं को दी नशे से दूर रहने, सही संगति चुनने की सीख

बूंदी। राजकीय कन्या महाविद्यालय बूंदी में शनिवार को नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के अंतर्गत नशे के प्रति जागरूकता विषयक व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य डॉ. संदीप यादव की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए टीकमचंद मीणा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधा बनता है। उन्होंने छात्राओं को नशे से दूर रहने, सही संगति चुनने और जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आ ान किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप यादव ने कहा कि आज के समय में नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है, जिससे युवाओं को बचाने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए कहते हुए सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई। नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी डॉ. विनोद कुमार मीणा ने केंद्र की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्ति के लिए काउंसलिंग, उपचार और पुनर्वास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। व्याख्यान का संचालन डॉ बीरम देव ने किया।

7 घण्टे बंद रहेगी बिजली

छबड़ा। कोटा से आने वाली 400 केवी लाइन पर सांगोद और खानपुर के बीच लाइन का कार्य होने के कारण 220/132 केवी कवाई, छीपाबडौद और कोलूखेड़ी की विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण छबडा तहसील से सम्बंधित सभी केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति रविवार को 7 घण्टे बाधित रहेगी। सहायक अभियंता टी एंड सी आरवीएनएल कोटा ने बताया कि 400 केवी लाइन पर मरम्मत कार्य होने के कारण 220/132 केवी कवाई, छीपाबडौद और कोलूखेड़ी से संचालित छबडा तहसील के सभी 33 केवी के जीएसएस छबडा, खोपर, मुंडला, कोटड़ी, केलखेड़ी, कडैयाचोर, गेंहूखेड़ी, घाटखेड़ी, पाली, फलिया, कडैयानोहर और सेवनखेड़ी से संचालित समस्त 11 केवी फीडर की विद्युत आपूर्ति रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक 7 घंटे तक बाधित रहेगी।

रक्तदान शिविर को लेकर किया जनसंपर्क

छबड़ा। समाजसेवी प्रेमनारायण नागर की पुण्यस्मृति में सालपुरा रोड स्थित श्री लक्ष्मी आईटीआई में आज आयोजित होने वाले सातवां विशाल रक्तदान शिविर को लेकर आयोजक प्रधान हरिओम नागर के नेतृत्व में मुख्य मार्गो व कोचिंग संस्थानों पर जनसंपर्क कर पंपलेट वितरण किए गए। जनसंपर्क के तहत स्टेशन रोड, धरनावदा चौराहा, हॉस्पिटल रोड, सालपुरा रोड, एवं आदर्श स्कूल सहित कोचिंग व शिक्षण संस्थानों पर पहुंच रक्तदान के महत्व से अवगत करवाते हुए युवाओं को प्रोत्साहित कर शिविर में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता निभाने का आव्हान किया।

स्कूली बच्चों ने देखा अडानी पावर प्लांट

छबड़ा। माध्यमिक विद्यालय गोड़ियाचारण के विद्यार्थियों ने शनिवार को अदानी फाउंडेशन कवाई के प्रोजेक्ट उड़ान के तहत अदानी थर्मल पावर प्लांट कवाई का शैक्षिणक भ्रमण किया। इस दौरान ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया को नजदीक से देखा और उसकी कार्यप्रणाली को समझा। विद्यालय के 49 विद्यार्थियों का दल अनुदेशक मुरलीधर नागर, रणजीत मीणा एवं अंतिमा नागर के नेतृत्व में रवाना हुआ जिसे प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण के दौरान अदानी समूह के अधिकारियों ने मॉडल के माध्यम से थर्मल पावर प्लांट की पूरी कार्यप्रणाली विस्तार पूर्वक समझाई। स्कूली बच्चे अडानी प्लांट की कार्य प्रणाली को उत्साह से समझ कर उमंग से भर गए।

मोदी सरकार नई योजना बनाकर मनरेगा को अपनी मुट्ठी में कैद करना चाहती है : भानूप्रताप

- गरीब मजदूरों के काम की गारंटी का अधिकार भी मोदी सरकार ने खत्म किया अभियान को वार्डस्तर तक ले जाएंगे-राखी गौतम
- कांग्रेस सरकार में मनरेगा में 100 दिन की गारंटी थी अब 40 प्रतिशत राज्यों के ऊपर निर्भर, ये मजदूरों के साथ कुठाराघात-प्रहलाद गुंजल
- मनरेगा में मोदी सरकार की नई योजना में गरीब दलित मजदूरों की कमर तोड़ने की साजिश है-देशराज मीणा
- मनरेगा में नए बिल में ग्राम सभा के अधिकारों को मोदी सरकार के बाबू तय करेंगे-चेतन पटेल
- आज कैथून रोड स्थित सरकारी स्कूल के पास महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष कांग्रेसजन करेंगे मौन उपवास सत्याग्रह

कोटा, (निसं)। अखिल भरतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 10 जनवरी शनिवार को गुमानपुरा कांग्रेस कार्यलय में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से काम के अधिकार की रक्षा के लिए मनरेगा बचाओ संग्राम के शुभारंभ के तहत प्रेसवार्ता की गयी। जिसमे सभी वरिष्ठ नेताओं ने एआईसीसी के निर्देशानुसार बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान 10 जनवरी से 5 फरवरी तक शांतिपूर्ण तरीके से शहर में जिले से लेकर वार्ड स्तर तक एवं ग्रामों-पंचायतो में अभियान चलाकर मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। 11 जनवरी रविवार को 12 से 3 बजे तक कैथून रोड स्थित सरकारी स्कूल के पास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष मौन उपवास रखा जायेगा। शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने बताया कि मोदी सरकार ने साजिश के तहत मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर नए बिल जीरामजी में गरीब मजदूरों की 100 दिन की गारंटी खत्म कर उनके साथ कुठाराघात कर रही है। उन्होंने कहा कि जीरामजी नई योजना में काम का अधिकार मोदी जी अपनी मुट्ठी में रखकर रिमोट कंट्रोल की तरह करना चाहते है। उन्होंने ग्रामों का अधिकार भी इस योजना से अलग कर दिया है यह नया बिल गरीब मजदूरों की आत्मा पर प्रहार हैं। देहात अध्यक्ष भानूप्रताप प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा का नाम जीरामजी कर इस योजना को अपनी मुट्ठी में रखना चाहती है उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इस योजना में 60 दिन का ब्लैकआउट पीरियड घोषित करने का प्रावधान किया यानिकी आपको 60 दिन का काम नही मिलेगा 2 माह मजदूर भूखा मरेगा मजदूरों के अन्याय है इसे कम बर्दाश्त नही करेंगे अभियान को ग्राम पंचायतों तक ले जायेंगे। कोटा प्रभारी पीसीसी महासचिव देशराज मीणा ने वार्ता में बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हमे जो 5 फरवरी तक अभियान चलाने का कार्यक्रम दिया है। इसे हम शहर के कोने-कोने तक तथा ग्रामों में पंचायत तक ले जाकर विरोध प्रदर्शन के माध्यम से आमजन को बताएंगे कि मोदी सरकार ने मनरेगा में गरीब मजदूरों की कम के अधिकार की कोई गारंटी नही है। इसमें उनके हक को खत्म किया गया हैं। लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस की हर योजना को खत्म करना चाहती है उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी महत्त्वपूर्ण योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाकर क्या दर्शाना चाहती है चाहती है। महात्मा गांधी की फोटो विदेशों की संसदों में है महापुरुषों का अपमान कांग्रेसजन सहन नही करेगा उन्होंने नई योजनाओं अनेक खामियां है। मजदुरो की गारंटी खत्म कर मोदी जी के बाबू योजनाओं को चलाएंगे इसमें काम के अधिकार की कोई गारंटी नही है हम इसका विरोध करेंगे। विधायक चेतन पटेल ने वार्ता में कहा कि ग्राम पंचायतों का अधिकार नए बिल जीरामजी में डारेक्ट मोदी जी के बाबुओं के हाथों में होगा उनकी इक्षा पर निर्भर हो जायेगा काम के अधिकार की गारंटी नए बिल में खत्म कर दी गयी है हम इसका पुरजोर विरोध सड़को पर करेंगे।

निरंतर चोरियों से आक्रोशित व्यापारी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

- प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से मुलाकात कर मांग की कि निरंतर हो रही चोरियों पर तत्काल रोक लगाई जाये

बूंदी। शहर के बाजारों में लगातार हो रही चोरियों से आक्रोशित व्यापारियों ने संयुक्त व्यापार महासंघ एवं इंदिरा मार्केट व्यापार संघ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को को जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और सिटी कोतवाली मे रिपोर्ट दर्ज करवाई। इंदिरा मार्केट व्यापार संघ के सचिव सुशील कासट ने बताया की ज्ञापन के माध्यम से शहर के इंदिरा मार्केट, पुरानी धान मंडी, सब्जी मंडी एवं चौगान गेट क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। व्यापारियों ने बताया कि आज दिनदहाड़े इंदिरा मार्केट पुरानी धान मंडी, सब्जी मंडी रोड, चौमुखा बाजार सहित मुख्य बाजारों की दुकानों के ऊपर से एसी की वायरिंग तक चोरों द्वारा निकालकर ले जाई गई, जो कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। इस संबंध में व्यापारियों द्वारा शहर कोतवाली में दो-तीन बार रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मांग की कि निरंतर हो रही चोरियों पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाया जाए, रात्रि गश्त बढ़ाई जाए एवं सीसीटीवी कैमरों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही चोरियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया, तो संयुक्त व्यापार महासंघ अपने सहयोगी सभी व्यापार संघों के साथ मिलकर सामूहिक एवं उठा आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश एवरठीन, सचिव प्रशांत मोदी, इंदिरा मार्केट व्यापार संघ के अध्यक्ष विजय प्रकाश जैन सहित कमल अठावाल, राजीव भंडारी, पदम कुमार बाकलीवाल, अजीत बिलोची, राकेश जैन, प्रवीण पमनानी, मोहम्मद अशफाक, धीरज कुमार जैन, अंकित अजमानी, रेखराज सोनी (पिंटू), पिंटू कोठारी, आयुष गर्ग सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

वेनिक्स सैनफोर्ड वर्ल्ड स्कूल में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

छबड़ा। वेनिक्स सैनफोर्ड वर्ल्ड स्कूल में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत समठा विकास एवं आधुनिक शिक्षण व्यवस्था को लेकर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक शिक्षण पद्धितयों, गतिविधि आधारित शिक्षण तथा तकनीक आधारित शिक्षा से जोड़ना रहा। यह प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया, जिसके तहत पहला चरण पूर्व प्राथमिक शिक्षकों के लिए तथा दूसरा चरण प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए रखा गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 35 से अधिक शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में वन लर्न संस्था की दिल्ली से आई प्रशिक्षिका कल्याणी ने शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदुओं, बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने वाले नवाचार, तकनीक आधारित कक्षाओं, तथा शिक्षण को रोचक व प्रभावी बनाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बच्चों के समठा विकास हेतु नई कार्यप्रणालियों व आधुनिक तरीकों की जानकारी दी गई, जिससे कक्षा शिक्षण में गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ाई जा सके।

सामूहिक अवकाश का ज्ञापन

बूंदी। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के तत्वाधान में कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी के विरोध में सोमवार 12 जनवरी को जयपुर में चेतावनी महा रैली का आयोजन होगा । महारैली के सफल आयोजन के लिए एलएचवी एएनएम संघ ऑफ राजस्थान की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नफीसा बानो व जिलाध्यक्ष सोनाली गुप्ता ने 12 जनवरी को रैली में शामिल होने के लिए सामूहिक अवकाश स्वीकृति का ज्ञापन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा । ज्ञापन में लिखा है कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की लंबीत मांगों को 12 जनवरी को जयपुर में होने वाली महा रैली में शामिल होगी ।

वरिष्ठ नागरिक संस्थान का नववर्ष मिलन कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (निसं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान की नववर्ष की प्रथम मीटिंग संपन्न हुई। अध्यक्ष टीपीएस सेठी ने नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ पिछले साल की उपलब्धियों के विवरण के साथ 2026 में और अधिक वेलफेयर और सोशल गतिविधियों के लिए कहा। 15 जनवरी को संस्था के संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सरपाल सिंह सेठी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया और संस्था के ओल्डेस्ट रजिस्टर्ड सदस्यों को जिन्होंने शुरूआती दौर में सेठी के साथ काम किया उन्हें स्टेज पर बिठाकर सम्मान किया गया। सचिव तनुजा खन्ना और एक्जीक्यूटिव चेयरमैन राम मदनानी ने नव वर्ष मिलन के साथ सरपाल सेठी को पुष्पांजलि देते हुए उनके कार्यों को याद किया। एक्जीक्यूटिव चेयरमैन ब्रिगेडियर एन एस कपूर ने सेठी को सिद्धांतवादी बताया, उनके बताए रास्ते पर चलने की संदेश दिया। महासचिव डीके अरोड़ा ने नववर्ष शुभकामनाओं के साथ पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर संस्था की गतिविधियों से अवगत करवाया। सभी उपस्थित सदस्यों ने स्वर्गीय सेठी साहब को पुष्पांजलि दी। महेश चतुवेर्दी ने पिछली मीटिंग के मिनट्स पेश कर अनुमोदन प्राप्त किया। जनवरी माह में जिन सदस्यों के जन्म दिवस और वैवाहिक वर्षगांठ आते हैं उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नए बने सदस्यों का स्वागत किया गया।

जीनोम एडिटिंग व एआई पर व्याख्यान

कोटा, (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सीआरआईएसपीआर तकनीक, एआई ड्रग डिज़ाइनिंग, जीन थेरेपी, बायोइन्फॉर्मेटिक्स तथा बायोटेक्नोलॉजी में कैरियर विकल्पों जैसे महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर व्याख्यान के प्रमुख वक्ता डॉ. यश वर्मा, मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट, यूनिवर्सिटी ऑफ़ ज़्यूरिक (स्विट्ज़रलैंड) रहे। अपने व्याख्यान के दौरान डॉ. वर्मा ने जटिल जैविक प्रक्रियाओं एवं अत्याधुनिक शोध तकनीकों के बारे मैं विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान तक सीमित न रहकर तकनीकी ज्ञान भी लेने की ग्रहण करने की सलाह दी एवं प्रयोगात्मक कौशल विकसित करने जोर दिया ।

रामानन्दाचार्य जयंती धूमधाम से मनाई

रामगंजमंडी (निसं)। रामगंजमंडी में 10 जनवरी शनिवार को जगद्गुरु रामानंदाचार्य का 726वां प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। वैष्णव बैरागी समाज द्वारा जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी 726वां प्राकट्य उत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत गोवर्धननाथ जी मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें बैंड-बाजों की मधुर धुन पर समाजजन नृत्य करते हुए मुख्य मार्गो से होकर जानकी नगर स्थित समाज भवन पहुँचे, जहाँ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में बग्गी की बोली डॉ. घनश्याम वैष्णव की रही, समाज अध्यक्ष गिरजेश वैष्णव ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा, रंगोली प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिताएँ तथा समाज सेवा व प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खनी धाम रिंछी से संत बजरंग दास त्यागी महाराज रहे।

मुख्य अतिथि के प मैं भवानी शंकर वैष्णव कोटा, रावतभाटा तहसील अध्यक्ष कमल वैष्णव तथा कार्यक्रम अध्यक्ष रामगोपाल बैरागी उपस्थित रहे। अतिथियों के सानिध्य में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बजरंग दास त्यागी महाराज ने रामानंदाचार्य के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज से कुरीतियों को त्यागकर निर्मल जीवन अपनाने का आह्वान किया। समाज के भामाशाह राधेश्याम द्वारा अपनी दिवंगत पत्नी की स्मृति में समाज भवन में एक कक्ष निर्माण की घोषणा की गई। बाल कलाकारों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं।

सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा में मुकेश वैष्णव को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही राजकीय सेवा में चयनित दुर्गालाल, अनुष्का बैरागी (एमबीए, नॉटिंघम लंदन) दिव्यांश बैरागी 10 वीं टॉपर लक्ष्य बैरागी को 12 वीं बोर्ड मै टॉपर, विशाल वैष्णव और सुशील बैरागी को आयुर्वेद रत्न राजस्थान स्तर को भी सम्मानित किया गया।

नव्या क्लब ने गौदान एवं सेवा का संकल्प लिया

कोटा, (निसं)। जहां एक ओर पूरा शहर कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की आगोश में सिमटा हुआ है, वहीं दूसरी ओर नव्या क्लब के सदस्यों का उत्साह, जोश और सामाजिक चेतना देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह गया। नव्या क्लब द्वारा नए वर्ष के अवसर पर एक भव्य, अनुकरणीय और समाजोपयोगी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्सव के साथ-साथ सेवा और संवेदनशीलता का अनूठा संगम देखने को मिला। नव्या क्लब की संस्थापक अध्यक्ष आशिता माहेश्वरी ने बताया कि सदस्यों ने नववर्ष का स्वागत केवल मनोरंजन तक सीमित न रखते हुए, समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए गौदान एवं सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं नववर्ष की शुभकामनाओं के आदान-प्रदान से हुई। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने यह प्रण लिया कि वे वर्षभर समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करेंगे। अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की मनोरंजक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य न केवल मनोरंजन था, बल्कि आपसी सौहार्द्र, टीम भावना और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना भी रहा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को सम्मानपूर्वक पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे उपस्थित सदस्यों में उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर नव्या क्लब द्वारा लिया गया सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह रहा कि क्लब के सभी सदस्यों ने अपने-अपने आसपास रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी स्वयं उठाने का संकल्प लिया। सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया कि वे केवल आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक जरूरतों में भी इन परिवारों का सहयोग करेंगे, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

क्लब के पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि नववर्ष तभी सार्थक माना जाएगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर भी मुस्कान लाई जा सकें। उन्होंने बताया कि नव्या क्लब आने वाले समय में भी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यों को प्राथमिकता देता रहेगा और गौसेवा, निर्धन सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और यह विश्वास जताया कि नव्या क्लब का यह सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। पूरे आयोजन में उत्साह, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि नव्या क्लब केवल एक संस्था नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पित एक सशक्त विचारधारा हैं। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी कांता फलोद, शानू जागेटिया, मंजू लक्कड़ आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स रचना जिंदल, रश्मि खत्री, सोनीका मालानी, प्रेरणा जैन, सारिका सोलीवाल, मीनल अजमेरा, छवि जैन, बीना मंत्री, अर्चना त्रिगुणायत, प्रियंका शर्मा ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और अपनी भूमिका बहुत अच्छी तरह संभाली।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ 11 विक्रय/2025/635 दिनांक : 09.01.26

नाम हस्तातंरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 1540 सुभाष नगर आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 1890 दिनांक 26.06.2020 को श्रीमती मंजू मीणा पत्नी श्री हेमन्त मीणा के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्रीमती मंजू मीणा पत्नी श्री. हेमन्त मीणा द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती रानू मेहता पत्नी श्री रवि मेहता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 07.10.2025 को श्री वेद प्रकाश तिवारी पुत्र श्री गोपाल प्रसाद तिवारी को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री वेद प्रकाश तिवारी पुत्र श्री गोपाल प्रसाद तिवारी द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड संख्या 1540 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री वेद प्रकाश तिवारी पुत्र श्री गोपाल प्रसाद तिवारी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ 11 विक्रय/2025/739 दिनांक : 9.1.26

नाम हस्तातंरण बाबत आम सूचना

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या 886 केशवपुरा 7 योजना का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 625 दिनांक 12.02.1988 द्वारा श्री मोहन लाल पुत्र श्री श्योराम को आंवटित किया गया था। श्री मोहन लाल के द्वारा श्री तेजमल पुत्र श्री रामनारायण को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 22.12.2016 को श्रीमती पुष्पा बाई पत्नि श्री तेजमल सेनी को कर दिया गया इसके पश्चात उक्त भूखण्ड का बैचान पुनः जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 16.06.2025 को श्रीमती सुगना राठौर पत्नि श्री दुली चन्द एवं श्री अभिषेक राठौर पुत्र श्री दुली चन्द के नाम कर दिया गया श्रीमती सुगना राठौर पत्नि श्री दुली चन्द एवं श्री अभिषेक राठौर पुत्र श्री दुली चन्द अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या-886 केशवपुरा 7 ओटो मोबाईल नगर योजना का नाम हस्तांतरण श्रीगती सुगना राठौर पत्नि श्री दुली चन्द एवं श्री अभिषेक राठौर पुत्र श्री दुली चन्द के नाम कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक-2928 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-09.01.26

आवास संख्या 4-ए-9 महावीर नगर विस्तार, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा कुमारी फरजाना खानम पुत्री श्री मोइनुद्दीन को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री मोहनलाल काला पुत्र श्री कुम्भाराम के नाम दिनांक 29.09.2017 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री मोहनलाल काला पुत्र श्री कुम्भाराम द्वारा दिनांक 27.10.2017 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री मोहनलाल काला पुत्र श्री कुम्भाराम द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 01.12.2017 को श्री अनिल कुमार विजय पुत्र श्री कन्हैयालाल विजय को किया गया। श्री अनिल कुमार विजय पुत्र श्री कन्हैयालाल विजय का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 20.04.2018 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका है। श्री अन